Samyak
An Institute For Civil Services

# POLITY MODEL ANSWER 21

**Q. Discuss the Role of the National Legal Services Authority (NALSA) in Ensuring Access to Justice for Marginalized Communities in India?**

The National Legal Services Authority (NALSA) was established under the Legal Services Authorities Act, 1987 to ensure that legal assistance is accessible to all, particularly marginalized communities. NALSA's role is vital in fostering equal access to justice, a principle enshrined in Articles 14 and 39A of the Indian Constitution, which mandate justice based on equality and free legal aid for the economically disadvantaged.

**Role in Ensuring Access to Justice for Marginalized Communities in India**

- NALSA provides free legal services to vulnerable populations, such as women, children, Scheduled Castes (SCs), Scheduled Tribes (STs), and those who have low annual incomes. These services include legal representation, payment of court fees, and document certification. By offering these services, NALSA ensures that economic status does not prevent access to legal recourse, thus supporting the right to equality under the Constitution. For instance, women victims of domestic violence or marginalized children facing exploitation can receive free legal aid and representation in court, ensuring their rights are protected.
- **Lok Adalat:** A significant mechanism under NALSA is the Lok Adalat system, which provides an alternative dispute resolution platform. It addresses disputes that are either pending in courts or not yet filed. Lok Adalats resolve these cases without any court fees and offer quick, amicable solutions. The decision made by the Lok Adalat is legally binding, providing marginalized communities with an effective and low-cost method of resolving various issues. For instance, tribal communities in states like Chhattisgarh have benefitted from resolving land ownership disputes through Lok Adalats, providing them with timely and affordable solutions.
- **Legal Literacy and Awareness Programs:** NALSA also conducts legal literacy campaigns to inform marginalized groups about their legal rights. These programs educate communities about issues such as child marriage, labor rights, and human trafficking, empowering them to approach legal institutions when needed. NALSA’s legal literacy programs are particularly impactful in remote areas, where access to formal legal systems is limited. For example, In states like Rajasthan, NALSA has organized workshops and outreach programs for SC/ST communities to educate them about reservation rights and protection from discrimination, ensuring they can access both legal and welfare benefits.

NALSA plays a critical role in ensuring access to justice for marginalized communities by providing free legal services, facilitating Lok Adalats for quicker dispute resolution, and conducting legal literacy programs. While significant progress has been made, continued efforts are needed to overcome challenges like resource limitations and lack of awareness to ensure comprehensive access to justice for all vulnerable groups in India.

Samyak An Institute For Civil Services

**प्रश्न: भारत में हाशिए पर रह रहे समुदायों के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) की भूमिका पर चर्चा करें?**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) की स्थापना विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत की गई थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कानूनी सहायता सभी को, विशेष रूप से हाशिए पर रह रहे समुदायों को सुलभ हो सके। न्याय तक समान पहुँच को बढ़ावा देने में NALSA की भूमिका महत्वपूर्ण है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 39A में निहित सिद्धांत हैं। यह समानता पर आधारित न्याय और आर्थिक रूप से वंचित लोगों के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता का प्रावधान करते हैं।

**भारत में हाशिए पर रह रहे समुदायों के लिए न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करने में भूमिका**

- NALSA महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जातियों (SCs), अनुसूचित जनजातियों (STs) और कम वार्षिक आय वाले लोगों को मुफ़्त कानूनी सेवाएँ प्रदान करता है। इन सेवाओं में कानूनी प्रतिनिधित्व, न्यायालय शुल्क का भुगतान और दस्तावेज़ प्रमाणन शामिल हैं। इन सेवाओं को प्रदान करके, NALSA यह सुनिश्चित करता है कि व्यक्ति की आर्थिक स्थिति न्याय तक पहुँच में बाधा न बने। इस प्रकार यह संविधान के तहत समानता के अधिकार का समर्थन करता है। उदाहरण के लिए, घरेलू हिंसा की शिकार महिलाएँ या शोषण का सामना कर रहे हाशिए पर रह रहे बच्चे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए मुफ़्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।
- लोक अदालत: NALSA के तहत एक महत्वपूर्ण तंत्र लोक अदालत प्रणाली है, जो वैकल्पिक विवाद समाधान मंच प्रदान करती है। यह उन विवादों को संबोधित करती है जो या तो अदालतों में लंबित हैं या अभी तक दायर नहीं किए गए हैं। लोक अदालतें बिना किसी अदालती शुल्क के इन मामलों को सुलझाती हैं और त्वरित, सौहार्दपूर्ण समाधान प्रदान करती हैं। लोक अदालत द्वारा लिया गया निर्णय कानूनी रूप से बाध्यकारी है, जो हाशिए पर रह रहे समुदायों को विभिन्न मुद्दों को हल करने का एक प्रभावी और कम लागत वाला तरीका प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में आदिवासी समुदायों को लोक अदालतों के माध्यम से भूमि स्वामित्व विवादों को हल करने से लाभ हुआ है, जिससे उन्हें कम लागत में समय पर समाधान प्राप्त हो सके।
- कानूनी साक्षरता और जागरूकता कार्यक्रम: NALSA हाशिए पर रह रहे समूहों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी देने के लिए कानूनी साक्षरता अभियान भी चलाता है। ये कार्यक्रम समुदायों को बाल विवाह, श्रम अधिकार और मानव तस्करी जैसे मुद्दों के बारे में शिक्षित करते हैं, जिससे वह ज़रूरत पड़ने पर कानूनी संस्थाओं से संपर्क करने में समर्थ हो पाएं। NALSA के कानूनी साक्षरता कार्यक्रम दूरदराज के क्षेत्रों में विशेष रूप से प्रभावशाली हैं, जहाँ औपचारिक कानूनी प्रणालियों तक पहुँच सीमित है। उदाहरण के लिए, राजस्थान जैसे राज्यों में, NALSA ने SC/ST समुदायों के लिए कार्यशालाएँ और आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए हैं ताकि उन्हें आरक्षण संबंधी अधिकारों और भेदभाव से सुरक्षा के बारे में शिक्षित किया जा सके।

NALSA निःशुल्क कानूनी सेवाएँ प्रदान करके, विवादों के त्वरित समाधान के लिए लोक अदालतों की सुविधा प्रदान करके तथा कानूनी साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करके हाशिए पर रह रहे समुदायों के लिए न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हालाँकि, इसके माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन भारत में सभी कमज़ोर समूहों के लिए न्याय तक व्यापक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए संसाधन से जुड़ी सीमाओं और जागरूकता की कमी जैसी चुनौतियों को दूर करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है।